हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 19 सितम्बर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज रोहतक में हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का संकल्प पत्र जारी किया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल , राव इंद्रजीत, कृष्णपाल गुर्जर, प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली सहित कई वरिष्ठ बी जे पी नेता मौजूद रहे ।

बी.जे.पी के संकल्प पत्र में कुल 20 संकल्प हैं ।जिनमें प्रति शहर 50,000 स्थानीय युवाओं को नौकरी देने के लिए उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन,. चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 10 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज एवं परिवार के 70 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक बुजुर्ग को अलग से ₹5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा देना शामिल है ।इसके इलावा बी जे पी ने 24 फसलों की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर खरीद , 2 लाख युवाओं को 'बिना पर्ची बिना खर्ची ' पक्की सरकारी नौकरी , 5 लाख युवाओं के लिए रोजगार के अन्य अवसर एवं राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना से मासिक छात्रवृति देने का वायदा किया है ।इसके इलावा संकल्प पत्र में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 5 लाख आवास देने , सरकारी अस्पतालों में डायलिसिस तथा सभी अस्पतालों में डायग्नोसिस की मुफ्त सुविधा देने, हर जिले में ओलंपिक खेलों की नर्सरी बनाने, हर घर गृहणी योजना के तहत ₹500 रूपये में सिलेंडर देने और अव्वल बालिका योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में कॉलेज जाने वाली प्रत्येक छात्रा को स्कूटर देने की घोषणा की गई है ।हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की

गारंटी दी गई है , महंगाई भत्ते और पेंशन को जोड़ने वाले वैज्ञानिक फ़ार्मूले . के साथ सभी सामाजिक पेंशन में मासिक वृद्धि, केंद्र सरकार के सहयोग से केएमपी के ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर का निर्माण एवं नई वंदे भारत रेल गाड़ियों की शुरुआत औ. केंद्र सरकार के सहयोग से फ़रीदाबाद से गुरुग्राम के बीच इंटरसिटी एक्सप्रेस मेट्रो सेवा की शुरुआत का वायदा भी किया गया है ।संकल्प पत्र जारी करते हुए श्री नड्डा ने छोटी पिछड़े समाज की जातियों (36 बिरादरियों) के लिए पर्याप्त बजट के साथ अलग-अलग कल्याण बोर्ड की स्थापना करने , भारत के किसी भी सरकारी कॉलेज से मेडिकल और इंजीनियरिंग पढ़ने वाले अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जातियों के हरियाणा के विद्यार्थियों को पूर्ण छात्रवृत्ति , सभी अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों की   मुद्रा योजना के अतिरिक्त, 25 लाख रुपये तक के ऋण की गारंटी हरियाणा राज्य सरकार द्वारा उठाने की घोषणा की । उन्होंने कहा कि हरियाणा को वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनाकर आधुनिक कौशल का प्रशिक्षण प्रदान करेंगे और दक्षिण हरियाणा में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर का अरावली जंगल सफारी पार्क भी बनाया जाएगा।

****

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कल नई दिल्ली में **एन□ीएस वात्सल्य** योजना की शुरूआत की। केंद्रीय बजट 2024-25 में इसकी घोषणा की गई थी। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि इस योजना में बच्चों के लिए बचत करने पर उच्च रिटर्न का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि एनपीएस योजना शुरु से ही अच्छा रिटर्न देती रही है। वित्तमंत्री ने कहा कि सरकारी क्षेत्र के लिए एनपीएस ने शुरूआत से ही औसतन नौ दशमलव पांच प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से रिटर्न दिया है। उन्होंने सुझाव दिया कि माता-पिता और अभिभावकों को अपने नाबालिग बच्चों के लिए **एन□ीएस वात्सल्य** में निवेश करने पर विचार करना चाहिए।एकीकृत पेंशन योजना -यूपीएस के बारे में श्रीमती सीतारामन ने कहा कि

मंत्रिमंडल ने हाल ही में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए इसे मंजूरी दी है। यह योजना अगले वर्ष पहली अप्रैल से प्रभावी होगी। उन्होंने कहा कि इसमें पुरानी पेंशन योजना और नई पेंशन योजना की प्रमुख विशेषताओं को शामिल किया गया हैं। यह योजना सेवानिवृत्ति के बाद एक सुनिश्चित पेंशन प्रदान करती है।वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि एनपीएस वात्सल्य योजना सामाजिक सुरक्षा देती है।वित्त मंत्रालय ने कहा कि एनपीएस वात्सल्य योजना माता-पिता को बच्चे के नाम पर प्रति वर्ष न्यूनतम एक हजार रुपये का निवेश करने की सुविधा प्रदान करती है।